UPRTOU

# बी. एड.

# B.Ed.

सत्र : 2024-25

## प्रवेश सूचना-विवरणिका

## *Admission Information Brochure*




॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

### उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

शान्तिपुरम् ( सेक्टर-एफ ), फाफामऊ, प्रयागराज-211021

www.uprtou.ac.in



**प्रो. सीमा सिंह**
कुलपति
उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
प्रयागराज

# संदेश

शिक्षा एक ऐसा प्रमुख घटक है जिससे किसी भी राष्ट्र का विकास गतिशील होता है। वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी तथा ज्ञान–विज्ञान के तीव्र परिवर्तन के फलस्वरूप रोजगार तथा कार्यक्षेत्र में देश के युवाओं को विविध क्षेत्रों में गुणवत्तापरक तथा कौशलयुक्त शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। वर्तमान समय में औपचारिक शिक्षा व्यवस्था के साथ–साथ अनौपचारिक शिक्षा व्यवस्था के रूप में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली एक महत्वपूर्ण व्यवस्था के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हेतु मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था सर्वसुलभ, समावेशी, गुणवत्तापरक तथा समसामयिक शिक्षा उपलब्ध करा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में भी मुक्त विश्वविद्यालयों की प्रासंगिकता को स्वीकार करते हुए स्पष्ट किया गया है कि **''ओडीएल और ऑलनाईन शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण उच्चतर शिक्षा तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए एक प्राकृतिक मार्ग प्रदान करता है।''** किसी भी शिक्षा प्रणाली की सफलता शिक्षकों की दक्षता तथा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर निर्भर करती है। अत: उन्नतिशील विकसित भारत की संकल्पना को साकार रूप देने हेतु हम अपने अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से कुशल व समर्पित प्रशिक्षित शिक्षकों का समूह तैयार कर रहे हैं। भारत का प्रत्येक नागरिक हमारे देश का संसाधन है। इनकी शैक्षिक आकांक्षाओं एवं आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। राष्ट्र के उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न सामान्य, व्यावसायिक तथा रोजगारपरक शैक्षिक कार्यक्रमों के साथ विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षक–शिक्षा से सम्बन्धित बी.एड. एवं बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) जैसे शैक्षिक कार्यक्रमों को दूरस्थ माध्यम से संचालित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बी.एड. एवं बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम क्रमश: राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE), नई दिल्ली एवं भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI), नई दिल्ली के मानकानुसार एवं अनुमति से संचालित किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों को उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित अध्ययन केन्द्रों की सहायता से संचालित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में प्रवेशित शिक्षार्थियों को मुद्रित/सॉफ्ट अध्ययन सामग्री, अधिन्यास, सम्पर्क कार्यक्रमों, समुपदेशन सत्रों (प्रत्यक्ष व ऑनलाईन), प्रायोगिक कार्य एवं अभ्यास शिक्षण आदि के माध्यम से शिक्षा के सैद्धांतिक एवं शिक्षा कौशलों का सघन शिक्षण–प्रशिक्षण दिया जाता है। इन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद प्रशिक्षणार्थीगण अपने अर्जित ज्ञान एवं कौशल से प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों एवं विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को उनकी अन्तर्निहित क्षमताओं के विकास एवं पुनर्वास में सहयोग एवं अवसर प्रदान कर सकते हैं। मेरा पूर्ण विश्वास है कि अध्यापन क्षेत्र में रूचि रखने वाले देश व प्रदेश के आकांक्षी शिक्षार्थी विश्वविद्यालय के बी.एड. एव बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) जैसे व्यावसायिक कार्यक्रमों को पूर्ण कर शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सरल, सरस, प्रभावी एवं गुणवत्तायुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान दे सकेंगे साथ ही अपना व्यावसायिक समुन्नयन कर सकेंगे।

दिनांक: 05.03.2024

**प्रो0 सीमा सिंह**
कुलपति

# उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
# प्रयागराज

# बी. एड.
# प्रवेश सूचना विवरणिका
सत्र : 2024–25

# B. Ed.
# Admission Information Brochure
## Session: 2024-25

(बी.एड कोर्स का NCTE द्वारा मान्यता प्राप्त किए जाने संबंधी आदेश की प्रतिलिपि)

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्
(भारत सरकार एक विधिक संस्थान)
उत्तर क्षेत्रीय समिति

गुरुर्गुरुतमो धाम
NCTE

NATIONAL COUNCIL FOR TEACHER EDUCATION
(A STATUTORY BODY OF THE GOVERNMENT OF INDIA
**Northern Regional Committee**

Fax/Speed Post/Regd

FNRC/NCTE/F-3/UP-748/2003/858

21 May 2003

## *ORDER*

***U.P. Rajarshi Tandon Open University, 17, Maharshi Dayanand Marg (Thornhill Road, Allahabad -211001*** had submitted an application to the Northern Regional Committee of National Council for Teacher Education ***for grant of recognition*** for starting B.Ed. course (Distance Mode) of Two years from the academic session 2003-2004 with an annual intake of ***500 (Five Hundred)*** students in term of section 11(1) of NCTE Act. 1993.

2. On scrutiny of the application submitted by the institution the documents attached therewith and the input received from the visiting team, the committee has noted the following:-

(i) The institution has acquired the land for setting up the teacher education institution.

(ii) The institution has constructed the building for conducting the course on the above mentioned land.

(iii) The institution has initiated the process for recruitment of Princeipal /Head of Department and faculty for the said course.

3. Now, therefore, in exercise of the powers vested Under Section 14(3)(a) of the NCTE Act. 1993, the Regional. Committee hereby grants recognition to **U.P. Rajarshi Tandon Open University, 17, Maharshi Dayanand marg (Thornhill Road), Allahabad-211001** for **B.Ed. course (Distance Mode)** of Two years from the academic session 2003-2004 with an annual intake of 500 (Five Hundred) students.

XXX XXX XXX XXX

(Poonam Khatar)
Under Secretary

XXX XXX XXX XXX

# महत्वपूर्ण प्रस्तावित तिथियों का विवरण

| क्र.सं. | विवरण | प्रस्तावित तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की प्रारम्भ तिथि | 19 मार्च, 2024 |
| 2. | ऑनलाईन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की अन्तिम तिथि | 30 अप्रैल, 2024 |
| 3. | विलम्ब शुल्क सहित ऑनलाईन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की प्रारम्भ तिथि | 01 मई, 2024 |
| 4. | विलम्ब शुल्क सहित ऑनलाईन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की अन्तिम तिथि | 10 मई, 2024 |
| 5. | ऑनलाईन आवेदन विवरण में त्रुटि संशोधन अवधि | 11 मई, 2024 से 15 मई, 2024 |
| 6. | विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्रवेश परीक्षा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की आरम्भ तिथि | 30 मई, 2024 |
| 7. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 15 जून, 2024 |
| 8. | विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षा परिणाम प्रकाशन | 25 जून, 2024 |
| 9. | प्रवेश परामर्श का प्रारम्भ | माह जुलाई, 2024 द्वितीय सप्ताह |

**विशेष सूचना–**

1. इस प्रवेश सूचना विवरणिका में दी गई सूचनाओं में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता अथवा विसंगति की स्थिति में विश्वविद्यालय अधिनियम परिनियम व अध्यादेशों में वर्णित व्यवस्था एवं विश्वविद्यालय का निर्णय ही अन्तिम होगा। **कतिपय कारणों से अंकित विषयों/तिथियों में परिवर्तन की दशा में यथासमय विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना उपलब्ध करायी जायेगी।**
2. कृपया आप स्वयं अच्छी तरह से सुनिश्चित कर लें कि इस आवेदन पत्र में आपके द्वारा उल्लिखित जाति, वर्ग अधिभार एवं अर्हता आदि से सम्बन्धित सूचनायें सही-सही भरी गयी हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में आपके द्वारा दी गयी सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही की जायेगी एवं तत्सम्बन्धी सत्यापन प्रवेश परामर्श के समय आपके द्वारा प्रस्तुत मूल प्रमाण पत्रों के आधार पर किया जायेगा।
3. आवेदन एवं शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। किसी भी दशा में किसी भी अन्य माध्यम से न तो आवेदन स्वीकार किये जायेंगे और न ही प्रवेश परीक्षा शुल्क स्वीकार किया जायेगा।

# बी. एड. प्रवेश सूचना विवरण
## (सत्र 2024-25)

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बी. एड. कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के प्रारम्भिक स्तर पर सेवारत अध्यापकों को उनके संव्यावसायिक विकास का एक अवसर प्रदान करना है। बी. एड. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की प्रकृति व अधिगम प्रक्रिया को समझने के साथ-साथ मूल्यांकन प्रविधियों, विद्यालय प्रबन्ध एवं विद्यार्थी सहायता हेतु विभिन्न क्रियाकलाप आयोजित करने की क्षमता आदि को विकसित करने के योग्य बनाना है। बी. एड. कार्यक्रम कुल 112 क्रेडिट का है। **कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि दो वर्ष तथा अधिकतम पाँच वर्ष है।** बी. एड. कार्यक्रम में कुल 500+50 (EWS) स्थान है। बी. एड. कार्यक्रम निम्न दस अध्ययन केन्द्रों (प्रत्येक में कुल 50+5 EWS स्थान) पर चलाया जा रहा है।

1. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (S-016)
2. टी0डी0 कालेज, जौनपुर (S-036)
3. डी0जे0 कालेज, बड़ौत, बागपत (S-063)
4. उपरदहा डिग्री कालेज, बरौत, प्रयागराज (S-086)
5. श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय, सूर्यनगर, राजाजीपुरम्, लखनऊ (S-263)
6. देव इन्द्रावती महाविद्यालय, कटेहरी, अम्बेडकरनगर (S-816)
7. कृष्ण सुदामा संस्थान, भंदहाँ कला, कैंथी, वाराणसी (S-921)
8. प्रो0 एच0एन0मिश्रा कालेज ऑफ एजुकेशन,बी0एस0पार्क आर्यनगर, कानपुर (S-1381)
9. फैज ए आम मॉडर्न डिग्री कालेज, 72 गोल्फ रोड, सिविल लाइन्स, मथुरा (S-228)
10. चौधरी तुलसीराम यादव महाविद्यालय, धौसणा, तुलसीनगर, प्रयागराज (S-111)

परन्तु राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE)की अनुमति एवं निर्देश मिलने पर विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन केन्द्रों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है तथा किसी अध्ययन केन्द्र को बन्द किया जा सकता है। जिसकी सूचना प्रवेश परामर्श साक्षात्कार के समय दी जायेगी। अपरिहार्य कारणों से किसी अध्ययन केन्द्र के स्थगित अथवा निरस्त होने की स्थिति में सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र के शिक्षार्थियों को अन्य अध्ययन केन्द्र से सम्बद्ध किया जायेगा जो विश्वविद्यालय के निर्णयाधीन होगा।

## प्रवेश पात्रता

इस कार्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता निम्न है :-

1. परम्परागत प्रणाली (Face to Face Mode) से राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम को पूर्ण करने वाले उत्तर प्रदेश राज्य के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने विज्ञान/सामाज विज्ञान/मानविकी/कृषि/वाणिज्य की स्नातक अथवा परास्नातक अथवा समकक्ष उपाधि में कम से कम 50 प्रतिशत अंक या इंजीनियरिंग/तकनीकी जिसमें विज्ञान एवं गणित की विशेषज्ञता हो, स्नातक अथवा परास्नातक में कम से कम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी अथवा इनके समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

## List of NCTE Recognized Courses

D.E.C.Ed., DPSE, D.EL.Ed./ B.T.C., B.EL.Ed., B.Ed., M.Ed., D.P.Ed., B.P.Ed., M.P.Ed., D.Ed., Diploma in Arts Education (Visual Arts), Diploma in Arts Education (Performing Arts), B.A.B.Ed./B.Sc.B.Ed. 4 Years Integrated programme, B.Ed. M.Ed. 3 year's integrated programme and any other NCTE recognized face to face mode Teacher's Training Course.

**अथवा**

उत्तर प्रदेश में स्थित किसी प्रारम्भिक/प्राथमिक विद्यालय में **कार्यरत ऐसे प्रशिक्षित शिक्षक** जिन्होंने विज्ञान/सामाज विज्ञान/मानविकी/कृषि/वाणिज्य की स्नातक अथवा परास्नातक अथवा समकक्ष उपाधि में कम से कम 50 प्रतिशत अंक या इंजीनियरिंग/तकनीकी जिसमें विज्ञान एंव गणित की विशेषज्ञता हो, स्नातक अथवा परास्नातक में कम से कम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करनें वाले अभ्यर्थी अथवा इनके समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

**एवं**

2. बी.एड. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे जो या तो किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अग्रांकित दो विषयों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण किये हों अथवा अग्रांकित विषयों में से एक विषय स्नातक स्तर पर तथा एक विषय इण्टर स्तर पर लिये हों- हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, जन्तुविज्ञान, वनस्पतिविज्ञान, गणित, गृहविज्ञान, इतिहास, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य।

**नोट-**

1. *प्रशिक्षित शिक्षक का तात्पर्य राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम को परम्परागत प्रणाली (Face to Face Mode) से पूर्ण करने वाले शिक्षकों से है।*
2. *अर्हता प्रवेश परामर्श की तिथि को पूर्ण होनी चाहिए एवं इस हेतु अंकपत्र/प्रमाणपत्र एवं अन्य वांछित प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारुप पर प्रस्तुत करना होगा।*
3. *उत्तर प्रदेश के अन्य पिछड़ावर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर एवं अन्य विशिष्ट श्रेणी के अभ्यर्थियों को ही उ. प्र. शासन के प्राविधानों के अनुसार आरक्षण एवं अर्हता प्राप्तांकों में छूट प्राप्त होगी। अन्य प्रदेशों के EWS/पिछड़ावर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को प्रवेश अनारक्षित श्रेणी के (Open Category) अन्तर्गत दिया जायेगा।*
4. *कार्यरत शिक्षक की स्थिति में अभ्यर्थी को कार्यक्रम पूर्ण करने तक विद्यालय में अध्यापनरत रहना होगा अन्यथा की स्थिति में बिना किसी सूचना के उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।*

## प्रवेश पद्धति

बी. एड. कार्यक्रम में प्रवेश उत्तर प्रदेश में कुछ चुने हुए केन्द्रों पर आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्रवेशार्थियों के द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछडा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर एवं अन्य आरक्षित श्रेणी के प्रवेश हेतु उत्तर प्रदेश शासन की आरक्षण नीति का अनुपालन किया जायेगा। चालीस प्रतिशत (40 प्रतिशत) अथवा इससे अधिक की दिव्यांगता वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए नियमानुसार क्षैतिज आरक्षण एवं छूट उपलब्ध रहेगा। ऐसे अभ्यर्थियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। महिलाओं, स्वतंत्रता सेनानी के आश्रितों एवं रक्षा कर्मियों या उनके आश्रितों को उत्तर प्रदेश शासन के अनुसार आरक्षण देय होगा। अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र को On-Line पूर्ण सूचनाओं सहित भरना अनिवार्य है। आवश्यक अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र प्रवेश परीक्षा के उपरान्त बी. एड. प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग के समय अनिवार्य रूप से जमा किये जायेंगे। प्रवेश परीक्षा का विवरण तथा प्रश्नों का नमूना आगे दिया गया है। प्रवेश परीक्षा केन्द्र के आवंटन का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय में निहित है।

प्रवेश साक्षात्कार में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को बुलाया जायेगा, जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की होगी एवं विश्वविद्यालय द्वारा तय की गयी मेरिट लिस्ट के अन्दर होंगे। प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयनित होने के उपरांत अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश परामर्श के समय प्रवेश पात्रता सम्बन्धी अपेक्षित मूल प्रमाणपत्रों एवं उनकी प्रतियाँ तथा कार्यक्रम शुल्क जमा करने पर ही उसका प्रवेश पूर्ण समझा जायेगा। प्रवेश परामर्श में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को रु0 500/- परामर्श शुल्क के रूप में नगद जमा करने होंगे। परन्तु उ. प्र. राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को रु0 300/- परामर्श शुल्क के रूप में जमा करने होंगे। जमा परामर्श शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।

## प्रवेश परीक्षा शुल्क एवं कार्यक्रम शुल्क

बी. एड. कार्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा शुल्क सामान्य व पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रु0 1200/- विलम्ब शुल्क सहित रू0 1500/- एवं अनुसूचित जाति व जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए रू0 900/-विलम्बशुल्क सहित रू0 1200/-है। अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा के इस शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ट्रान्सफर (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड) से करना होगा। बी. एड. कार्यक्रम शुल्क रु0 18500/-(रुपये अट्‌ठारह हजार पाँच सौ मात्र) प्रतिवर्ष है, जो विश्वविद्यालय द्वारा परिवर्तनीय होगी। प्रथम वर्ष में प्रवेश के साथ प्रवेशार्थी को रु0 18500/- प्रवेश काउन्सिलिंग के समय बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। बैंक ड्राफ्ट किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एवं ''**वित्त अधिकारी, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज**'' के पक्ष में प्रयागराज में देय हो। डिमाण्ड ड्राफ्ट के पीछे अभ्यर्थी अपना नाम, प्रवेश परीक्षा अनुक्रमांक व कार्यक्रम का नाम (अर्थात बी. एड. सत्र 2024-25) अवश्य लिख दें। अभ्यर्थी को द्वितीय वर्ष में अपने अध्ययन केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश लेना होगा तथा यथासमय निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश परामर्श के उपरान्त शिक्षार्थी द्वारा जमा शुल्क की धनराशि वापस नहीं की जायेगी।

## प्रवेश परीक्षा आवेदन हेतु प्रक्रिया

कार्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की बेबसाइट www.uprtou.ac.in पर B.Ed./B.Ed.SE Entrance Exam. Application Form 2024-25 के लिंक पर जाकर निम्नानुसार ऑन लाइन आवेदन करना होगा-

**स्टेप -1**

अर्ह अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय की बेवसाइट के सम्बन्धित लिंक में जाकर नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, कार्यक्रम का नाम, निवास एवं श्रेणी [(सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनूसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, (EWS)] आदि वांछित सूचनाएँ एवं प्रपत्र अपलोड करने होंगे। वांछित सूचनाएं अपलोड करने के उपरान्त विद्यार्थियों को ऑन-लाइन ही अपना नवीनतम फोटो व हस्ताक्षर को (JPG/JPEG) फार्मेट व साइज में अपलोड करना होगा।

**स्टेप -2**

स्टेप-1 को सफलता पूर्वक करने के उपरान्त अभ्यर्थी निर्धारित प्रवेश परीक्षा शुल्क ऑनलाइन ट्रान्सफर अर्थात् नेट बैकिंग/ डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड से जमा करेंगे।

**स्टेप -3**

प्रवेश परीक्षा शुल्क के सफलतापूर्वक भुगतान करने के बाद अभ्यर्थी के ईमेल अथवा पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर शुल्क प्राप्ति की सूचना प्राप्त होगी। इन सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरान्त अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भविष्य में किसी भी आवश्यकता की दृष्टि से पुष्टिकरण (Confirmation Page) का प्रिन्ट आउट लेकर अपने पास सुरक्षित रखें।

**स्टेप -4**

ऑनलाईन आवेदन की स्टेप -3 प्रक्रिया के उपरान्त किसी त्रुटि संशोधन की आवश्यकता होने पर अभ्यर्थी निर्धारित त्रुटि संशोधन अवधि में पुनः लॉगिन कर वांछित संशोधन कर सकेंगे। उक्त अवधि के उपरान्त आवेदन पत्र में किसी प्रकार का संशोधन अनुमन्य नहीं होगा।

## प्रवेश परीक्षा की तिथि व केन्द्र

प्रवेश परीक्षा की तिथि, समय तथा परीक्षा केन्द्र की सूचना प्रवेश पत्र पर अंकित की जायेगी एवं विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.uprtou.ac.in पर भी परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पूर्व प्रदर्शित की जायेगी। प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.uprtou.ac.in पर उपलब्ध रहेगा। प्रवेश पत्र को अभ्यर्थी परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पूर्व डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा केन्द्र के आवंटन का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय में निहित है। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या 100 से कम होने पर उस परीक्षा केन्द्र को निरस्त किया जा सकता है और परीक्षार्थियों को अन्य परीक्षा केन्द्र पर स्थानान्तरित कर दिया जायेगा। **प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति का अर्थ यह नहीं है कि अभ्यर्थी बी. एड. में प्रवेश सम्बन्धी पात्रता को पूर्ण करता है। प्रवेश का आधार आवेदक के द्वारा सम्बन्धित कार्यक्रम की प्रवेश पात्रता पूर्ण करने तथा आवेदक की प्रवेश परीक्षा में मेरिट होगी।** प्रवेश परीक्षा के आधार पर औपबन्धिक रूप से चयनित होने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा काउन्सिलिंग के समय प्रवेश पात्रता सम्बन्धी अपेक्षित मूल प्रमाण पत्रों व अंकपत्रों एवं उनकी छायाप्रतियाँ तथा कार्यक्रम शुल्क जमा करने पर ही उनका प्रवेश पूर्ण समझा जायेगा।

प्रवेश परामर्श के समय प्रस्तुत किये जाने वाले शपथ पत्र व अन्य आवश्यक प्रमाणपत्रों (जाति प्रमाण पत्र को छोड़कर) के

प्रारुप अन्त में उपलब्ध है। जाति एवं EWS सम्बन्धी प्रमाणपत्र उ. प्र. शासन के प्रारुप के अनुसार होना चाहिए।

# प्रवेश परीक्षा पद्धति एवं पाठ्यक्रम

बी. एड. प्रवेश परीक्षा में निम्नांकित दो खण्ड होंगे-

**प्रथम खण्ड -** सामान्य मानसिक योग्यता (50 प्रतिशत अधिभार) तथा सामान्य जागरूकता (50 प्रतिशत अधिभार)
General Mental Ability (50% Weightage) and General Awareness (50% Weightage)

**द्वितीय खण्ड-** शिक्षण अभिक्षमता (40 प्रतिशत अधिभार) तथा दो शिक्षण विषयों में अवबोध (30 प्रतिशत अधिभार प्रत्येक विषय में)
Teaching Aptitude (40% Weightage) and Understanding in two teaching Subjects (30 % Weightage to each Subject)

**प्रथम खण्ड** में आगमन व निगमन तर्क योग्यता, समस्या समाधान योग्यता, शाब्दिक व आंकिक योग्यता एवं प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षित सामान्य जानकारी (इतिहास, विज्ञान, राजनीति, साहित्य, संस्कृति, शिक्षा, समाज, अर्थशास्त्र, व्यापार, भूगोल पर्यावरण आदि क्षेत्रों की) से सम्बन्धित प्रश्न होंगे।

**द्वितीय खण्ड** में शिक्षण अभिक्षमता तथा अभ्यर्थी द्वारा लिये जाने वाले दो शिक्षण विषयों (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान में से कोई दो चयनित) के ज्ञान व अवबोध का मापन करने वाले प्रश्न सम्मिलित होंगे।

प्रत्येक खण्ड में वस्तुनिष्ठ प्रकार के सौ-सौ प्रश्न होंगे। परीक्षा की कुल अवधि 3 घण्टे होगी। अभ्यर्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के 20 मिनट पूर्व अपनी सीट ग्रहण कर लेनी होगी। प्रवेश परीक्षा आरम्भ होने के 30 मिनट पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। प्रवेश परीक्षा उत्तर पत्रक भरने के लिए अभ्यर्थी अपने साथ **काला व नीला** बाल पेन लायें। दोनों खण्डों में सम्मिलित किये जाने वाले प्रश्नों के नमूने निम्नवत है-

**प्रथम खण्ड**

**1- यदि कूट भाषा में KEDAR को LDEBS लिखेंगे तो SINGH को कैसे लिखा जायेगा?**

(A) THOHI
(B) THIHO
(C) HOTHI
(D) HOSHI

सही उत्तर (A)

**2- एक चन्द्र मास किसके बराबर होते हैं?**

(A) 30 दिन 10 घंटा
(B) 29 दिन 12 घंटा2 मिनट
(C) 29 दिन 12 घंटा 44 मिनट
(D) 29 दिन 06 घंटा 56 मिनट

सही उत्तर (C)

**3- विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?**

(A) 05 जून

(B) 11 जून

(C) 22 अप्रैल                                                    सही उत्तर

(D) 07 अप्रैल                                                    (A)

**4- एक रूपये के नोट पर किसके हस्ताक्षर होते हैं?**

(A) आर0बी0आई0 गवर्नर

(B) वित्त मंत्री

(C) वित्त सचिव                                                    सही उत्तर

(D) कैबिनेट सचिव                                                    (C)

**द्वितीय खण्ड–शिक्षण अभिक्षमता तथा दो शिक्षण विषयों में अवबोध–**

**1. कक्षा में अध्यापक की सबसे आवश्यक भूमिका है–**

(A) सूचनाएं देना

(B) क्षमताएं विकसित करना

(C) सही उत्तर लिखने हेतु तैयारी कराना                                                    सही उत्तर

(D) सीखने हेतु प्रेरणा देना                                                    (D)

**2. निम्नलिखित में से कौन सी रचना तुलसीदास की नहीं है?**

(A) 'रामचरित मानस'

(B) कवितावली

(C) विनय पत्रिका                                                    सही उत्तर

(D) रामचन्द्रिका                                                    (D)

**3. Which one of the following word has the wrong spelling?**

(A) Lilliption

(B) Limnology

(C) Linguistics                                                    सही उत्तर

(D) Liutesant                                                    (D)

**4. एक पांसे को एक बार फेंका जाता है। संख्या 3 अथवा 4 के आने की प्रायिकता क्या है?**

(A) 3

(B) 1/3

(C) 4 सही उत्तर

(D) 2 (B)

5. **शुद्ध जल का पी एच (ph) मान होता है-**

(A) 7

(B) 7.5

(C) 6.5 सही उत्तर

(D) शून्य (A)

6. **निम्नलिखित देशों में कौन ''सार्क'' का सदस्य नहीं है?**

(A) अफगानिस्तान

(B) थाईलैण्ड


(C) श्रीलंका सही उत्तर

(D) मालदीव (B)

प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र के दोनों भागों के लिए एक अथवा दो अलग-अलग उत्तर पत्रक उपलब्ध कराये जायेंगे जिन पर अभ्यर्थी को प्रश्नों के उत्तर इंगित करने होगे। प्रत्येक प्रश्न के क्रमांक के आगे चार गोले, जिनमें क्रमशः A, B, C व D अक्षर मुद्रित होगा, दिये गये होंगे। प्रत्येक प्रश्न को पढ़ने के उपरान्त अभ्यर्थी को सही उत्तर का चयन करना होगा तथा उत्तर पत्रक पर सम्बन्धित अक्षर वाले गोले को निम्नांकित रूप में काले या नीले रंग के बाल पेन से पूर्ण रूप से भरना होगा।

**उत्तर इंगित करने का सही ढंग**

**उत्तर इंगित करते समय ऐसा न करें**




सही ढंग

गलत ढंग

गलतढंग

गलतढंग

गलतढंग

# प्रवेश परामर्श साक्षात्कार

प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित होने के उपरान्त चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश परामर्श साक्षात्कार प्रयागराज में निर्धारित स्थान व तिथि को होगा। अभ्यर्थी प्रवेश परामर्श साक्षात्कार हेतु विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.uprtou.ac.in को देखते रहें जिस पर उन्हें सूचित किया जाएगा। परन्तु अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे

अपना परीक्षा परिणाम एवं प्रवेश परामर्श साक्षात्कार सम्बन्धी सूचना समाचार पत्रों/विश्वविद्यालय की बेबसाइट www.uprtou.ac.in में अवश्य देख लें तथा प्रवेश हेतु चयनित होने पर परामर्श साक्षात्कार की तिथि, समय व स्थान ज्ञात कर लें। प्रवेश परामर्श साक्षात्कार के दिन अभ्यर्थियों को सभी मूल प्रमाण पत्रों, अंकपत्रों, शपथपत्र व अन्य प्रमाण पत्रों के साथ साथ उनकी छायाप्रतियों, कार्यक्रम शुल्क रु0 18500/- बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। प्रवेश परामर्श साक्षात्कार में निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थी का प्रवेश अधिकार स्वतः समाप्त हो जायेगा एवं प्रतीक्षा सूची से प्रवेश कर लिया जायेगा। प्रवेश परामर्श साक्षात्कार में विभिन्न अध्ययन केन्द्रों पर स्थानों की तथा आरक्षण नियमों के प्रतिबन्धों के अनुरूप प्रवेश परीक्षा की सम्पूर्ण श्रेयता (Overall Merit) के अनुक्रम में अध्ययन केन्द्र आबंटित किए जायेंगे। प्रवेश परामर्श साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले सामान्य व पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों को रु0 500/- परामर्श शुल्क के रूप में नगद जमा कराने होंगे जबकि उ. प्र. राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को रु0 300/- परामर्श शुल्क के रूप में जमा करने होंगे जो किसी भी दशा में वापिस नहीं होंगे। उ. प्र. राज्य के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू जाति प्रमाण पत्र, EWS सम्बन्धी प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रवेश परामर्श के समय क्रिमिलेयर से आच्छादित न होने का अन्य पिछडे वर्ग का उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू जाति प्रमाण पत्र जो प्रवेश परामर्श की तिथि से छः माह के अन्दर का हो, लाना अनिवार्य होगा तथा इसके लिए उ. प्र. सरकार द्वारा लागू जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। उ0 प्र0 के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों के EWS/पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को प्रवेश अनारक्षित (Open Category) श्रेणी के अन्तर्गत दिया जायेगा।

## पाठ्यक्रम का विवरण

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के बी. एड. कार्यक्रम में अनिवार्य प्रश्नपत्र, वैकल्पिक प्रश्न पत्र और प्रयोगात्मक कार्य को सम्मिलित किया गया है जिससे प्रशिक्षण प्राप्तकर्ताओं में उपयुक्त ज्ञान, कौशल तथा अभिवृत्ति को विकसित किया जा सके। कार्यक्रम की संरचना निम्नानुसार है।

### STRUCTURE OF B.ED. ODL PROGRAMME

| Semester | Paper Nature | Paper Code | Title of the Paper | Credit | Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| **First Semester** | Theory Compulsory | B.Ed. E-01 | Childhood and Growing Up | 8 | 100 |
| | | B.Ed. E-02 | Contemporary India and Education | 8 | 100 |
| | | B.Ed. E-03 | Assessment for Learning | 8 | 100 |
| | Practical Compulsory | B.Ed. EPC-I | Reading and Reflecting on texts | 4 | 50 |
| **Second Semester** | Theory Compulsory | B.Ed. E-04 | Learning and Teaching | 8 | 100 |
| | | B.Ed. E-05 | Language across the Curriculum | 4 | 50 |
| | | B.Ed. E-06 | Understanding Disciplines and Subjects | 4 | 50 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Theory Elective (Any one) | B.Ed. E-21 | Vocational Education and Work Education | 8 | 100 |
| | | B.Ed. E-22 | Health and Physical Education | 8 | 100 |
| | | B.Ed. E-23 | Peace Education | 8 | 100 |
| | | B.Ed. E-24 | Guidance and Counseling | 8 | 100 |
| | Practical Compulsory | B.Ed. EPC-II | Drama and Art in Education | 4 | 50 |
| **Third Semester** | Theory Compulsory | B.Ed. E-07 | Creating an Inclusive School | 8 | 100 |
| | | B.Ed. E-08 | Knowledge and Curriculum- I | 4 | 50 |
| | | B.Ed. E-09 | Knowledge and Curriculum- II | 4 | 50 |
| | Theory Elective-I (Any one) | B.Ed. E-31 | Pedagogy of Hindi | 4 | 50 |
| | | B.Ed. E-32 | Pedagogy of English | 4 | 50 |
| | | B.Ed. E-33 | Pedagogy of Mathematics | 4 | 50 |
| | | B.Ed. E-34 | Pedagogy of Biological Science | 4 | 50 |
| | Theory Elective-II (Any one) | B.Ed. E-41 | Pedagogy of Social Studies | 4 | 50 |
| | | B.Ed. E-42 | Pedagogy of Physical Sciences | 4 | 50 |
| | | B.Ed. E-43 | Pedagogy of Commerce | 4 | 50 |
| | | B.Ed. E-44 | Pedagogy of Home Science | 4 | 50 |
| | Practical Compulsory | B.Ed. EPC-III | Understanding ICT | 4 | 50 |
| **Fourth Semester** | Theory Compulsory | B.Ed. E-10 | Gender, School and Society | 4 | 50 |
| | Practical Compulsory | B.Ed. EPC-IV | Understanding the Self | 4 | 50 |
| | | B.Ed. EPC-V | School Internship | 20 | 250 |

# B.Ed. ODL Practicals

## *First Semester*

**EPC-01: Reading and Reflecting on texts Note** **Credit**: 04 **Marks**: **50**

***Note :***

All the activities will be recorded in practical files.

1. Collect two views/articles from news papers) magazines on burning issues of education and write on each collected article or views.
2. Review of any education related books or autobiography of some educationistyour comments.

## *Second Semester*

**B. Ed. EPC-02: Drama and Art in Education** **Credit**: **04** **Marks**: **50**

**Note :**

All the activities will be recorded in practical files.

1. Students will write an essay on the local culture and art forms/ famous educational T V shows.
2. Prepare a report of Cultural Activities/ Visit to a art gallery, exhibition and cultural festivals.

## *Third Semester*

**B Ed EPC-03: Understanding ICT** **Credit**: **04** **Marks**: **50**

1. Understanding Basics of ICT, Basic Structure of Computer and Operating Computer.
2. MS Word-Creating, Opening and Saving Documents.
3. Preparation of Excel Sheets, Power Point Presentation.
4. Editing and Formatting Text, Viewing and Formatting and Proofing a Documents.
5. Installation of Software, Antivirus etc.
6. Data Storage.
7. Use of MS Word, Excel and Access in Education.
8. Using Internet.
9. Computer, Networks, Distributed Processing.
10. Preparation of ICT Based Teaching Aids.

## *Fourth Semester*

**B Ed EPC-04: Understanding the Self** **Credit**: **04** **Marks**: **50**

- Workshop for Soft Skill Development
- Journal Writing
- Participation of Social Activities
- Participation in Vriksharopan and Swachchhata Abhiyan
- Visit to Rural and Slum Areas.

**B Ed EPC-05: School Internship** **Credit: 20** **Marks: 250**

- **Workshop-1** (One Week)

  Preparation of Skill Plan, Preparation Unit plan, Micro Teaching and Lesson Planning
- **Workshop-2** (One Week)

  Development of Learning Resources (Charts & Diagrams Development, Graphs and Figures Development,Models Development, Audio, Video and Audio-Video Aids, Multi Media Presentation)
- **Participation in All School Activities** (60 Day)

Morning Assembly, Attendance, School Library, Administration of Psychological Tool, Staff and Parents Meetings, Maintenance of school Records, Health Checkup and its Records, Letters to the Parents and others, Organization of Sports and Games, Organization of Group Discussion / Debates / Symposium / Seminar, Cultural Activities, Construction of Question Papers, Observation of School nd its Classroom, Participate in Planning, Teaching, Examination, Assessment, Evaluation, Interaction with School Teachers, Assessment of Teaching Learning Process in School and Peer Group etc.

- **Practice Teaching**

20 Lessons in Each School Subject (10 Lessons under the Supervision of Mentor in Each School Subject, 05 Lessons under the Supervision of School Principal and 05 Lessons under the Supervision of Teacher Educator).

# शिक्षण पद्धति

बी. एड. कार्यक्रम की शिक्षा पद्धति में बहु-माध्यम (Multi-Media) दृष्टिकोण को सम्मिलित किया गया है अर्थात् स्व-अध्ययन मुद्रित सामग्री, श्रव्य/दृश्य कार्यक्रम, सत्रीय कार्य, परामर्श सत्र, सम्पर्क कार्यक्रम तथा प्रयोगात्मक कार्य के द्वारा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से संचालित किया जायेगा।

# मूल्यांकन पद्धति

बी. एड. कार्यक्रम में सत्रीय प्रणाली को अपनाया गया है। विभिन्न प्रश्न पत्रों के लिए मूल्यांकन में निम्नलिखित तीन पक्ष सम्मिलित रहते हैं -

1. स्व-मूल्यांकन अभ्यास (परीक्षा में कोई अधिभार नहीं)
2. आवधिक सत्रीय कार्य (परीक्षा में 30 प्रतिशत अधिभार)
3. सत्रान्त परीक्षा (परीक्षा में 70 प्रतिशत अधिभार)

प्रत्येक प्रश्नपत्र/प्रश्नपत्रों के परामर्श एवं सम्पर्क शिक्षण कार्यक्रम में कम से कम 80 प्रतिशत उपस्थिति तथा प्रशिक्षण/कार्यशाला/शिक्षण अभ्यास/इण्टर्नशिप में कम से कम 90 प्रतिशत उपस्थिति एवं अधिन्यास प्रस्तुत करने पर ही शिक्षार्थी को सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी। शिक्षार्थी को प्रश्न-पत्र विशेष के अधिन्यास तथा सत्रान्त परीक्षा में अलग-अलग न्यूनतम 36 प्रतिशत अंक पाने पर उस प्रश्नपत्र में उत्तीर्ण घोषित किया जायेगा। सभी प्रश्न-पत्रों को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर शिक्षार्थी को चतुर्थ सत्र के अन्त में उसके प्राप्तांकों के आधार पर सैद्धान्तिक तथा प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए अलग अलग श्रेणी प्रदान की जायेगी-

| | | |
|---|---|---|
| **प्रथम श्रेणी** | - | 60 प्रतिशत |
| **द्वितीय श्रेणी** | - | 48 प्रतिशत या अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम |
| **तृतीय श्रेणी** | - | 36 प्रतिशत या अधिक परन्तु 48 प्रतिशत से कम |

परन्तु विकल्प आधारित क्रेडिट व्यवस्था के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की सामान्य नीति के अनुसार ग्रेडिंग सिस्टम को अपनाया जा सकता है। किसी सेमेस्टर के किसी प्रश्न पत्र/किन्हीं प्रश्न पत्रों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने या सम्मिलित न होने पर शिक्षार्थी उस प्रश्नपत्र/उन प्रश्नपत्रों में उस सेमेस्टर की आगामी सत्रान्त परीक्षा में बैक परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकता है परन्तु किसी भी दशा में कोई भी शिक्षार्थी एक सत्रीय परीक्षा में अधिकतम तीन प्रश्न पत्रों में ही बैक परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकता है। इस हेतु उसे बैक परीक्षा आवेदन पत्र भरकर विश्वविद्यालय द्वारा प्रति प्रश्नपत्र की दर से निर्धारित वांछित शुल्क के साथ जमा करना होगा। प्रयोगात्मक परीक्षा के प्रश्नपत्रों के बैक पेपर की परीक्षा निर्धारित परीक्षा के साथ ही सम्भव होगी। प्रवेश लेने की तिथि से पाँच वर्ष के अन्दर शिक्षार्थी को समस्त प्रश्न पत्र (अनिवार्य, वैकल्पिक एवं प्रयोगात्मक) उत्तीर्ण करने होंगे।

## अध्ययन केन्द्र एवं परीक्षा केन्द्र

प्रवेश परीक्षा प्राप्तांकों के आधार पर तैयार मेरिट एवं आरक्षण प्रावधानों के अनुरूप अध्ययन केन्द्रों का आबंटन प्रवेश परामर्श प्रक्रिया के समय सुनिश्चित किया जायेगा। प्रवेश परामर्श प्रक्रिया की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की सूची भी वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। विश्वविद्यालय द्वारा आबंटित अध्ययन केन्द्र किसी भी दशा में परिवर्तित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी को पाठयक्रम की सत्रांत्र परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर ही देनी होगी। विशेष परिस्थितियों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर परीक्षा केन्द्र परिवर्तन सम्भव है परन्तु यह परिवर्तन प्रयोगात्मक परीक्षा में लागू नहीं होगा।

## अति महत्त्वपूर्ण निर्देश

- केवल उ. प्र. राज्य में मूल रूप से निवास करने वाले अभ्यर्थियों को ही आरक्षण लाभ देय होगा। अन्य राज्य के अभ्यर्थियों को सामान्य श्रेणी के अन्तर्गत ही आवेदन करना होगा।
- **बी. एड. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु समस्त वाँछित सूचनाओं के साथ ऑनलाइन आवेदन व ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा शुल्क भुगतान ही स्वीकार किये जायेंगे। किसी अन्य माध्यम से आवेदन पत्र व प्रवेश परीक्षा शुल्क भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा।**
- प्रवेश परीक्षा आवदेन पत्र सावधानी से सम्पूर्ण वांछित सूचनाओं सहित भरें। किसी भी त्रुटि के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।
- प्रवेश हो जाने के उपरान्त प्रवेशार्थियों को आबंटित अध्ययन केन्द्र पर परामर्श तथा सम्पर्क कक्षाओं व अन्य शैक्षणिक क्रियाकलापों में अपनी निर्धारित उपस्थिति सुनिश्चित करना होगा।
- प्रवेश के समय अधिन्यास प्रश्नपत्र के प्राप्त होने पर अथवा अध्ययन केन्द्र से अथवा विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त कर अधिन्यास कार्य से सम्बन्धित पुस्तिकाएँ निर्धारित तिथि तक या उसके पूर्व अपने अध्ययन केन्द्र

समन्वयक को मूल्यांकन हेतु अवश्य उपलब्ध करा दें। अधिन्यास कार्य पुस्तिकाओं के अन्तिम तिथि तक प्राप्त न होने पर आपका सत्रांत परीक्षा प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगा। विभिन्न तिथियों की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in या अध्ययन केन्द्र समन्वयक से प्राप्त करें।

- प्रवेश हो जाने पर विश्वविद्यालय से पत्र व्यवहार अध्ययन केन्द्र के माध्यम से ही करें। आप द्वारा सीधे प्रेषित पत्र चाहे वह रजिस्टर्ड अथवा स्पीड पोस्ट ही क्यों न हो विश्वविद्यालय द्वारा संज्ञान में नहीं लिया जायेगा।
- प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी जानकारी प्रवेश परीक्षा समिति के किसी भी सदस्य से दूरभाष पर ली जा सकेगी। प्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक का पता निम्नानुसार है।

**समन्वयक बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2024-25**
उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
सेक्टर एफ, शान्तिपुरम,फाफामऊ, प्रयागराज-211021

# दिव्यांग अभ्यर्थी

1. नेत्रहीन परीक्षार्थी के लिए परीक्षा का समय विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार अतिरिक्त समय देने का प्रावधान किया गया है। (यू0जी0सी0 के निर्देशानुसार)
2. किसी भी परीक्षार्थी को विशेष सुविधा नहीं प्रदान की जा सकती है जब तक कि कुलपति महोदय की पूर्व अनुमति उनके सम्बन्ध में न हो। श्रुति लेखक की स्वीकृति प्राप्त होने पर ही इसकी व्यवस्था संभव हो सकेगी। (यू0जी0सी0 के निर्देशानुसार)
3. दिव्यांग परीक्षार्थियों की परीक्षा भूतल पर कराने की व्यवस्था की जायेगी।(यू0जी0सी0 के निर्देशानुसार)
4. 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग परीक्षार्थियों के पूर्व अनुरोध पर लिपिक/पाठ्य प्रयोग सहायक की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। (यू0जी0सी0 के निर्देशानुसार)

**नोट**-

नि:शक्त अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे प्रवेश परीक्षा के दौरान अपेक्षित सुविधा के लिए 10 दिन पूर्व पत्र के माध्यम से अथवा अन्य तरीके से आवेदन कर दें जिससे कुलपति जी की स्वीकृति प्राप्त कर ली जाये। चक्षु दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा से 10 दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र के व्यवस्थापक से श्रुति लेखक का नाम अनुमोदित करा लें। श्रुति लेखक सत्र 2022-23/2023-24 हाईस्कूल/इण्टर में सम्मिलित अभ्यर्थी हो सकता है जिसकी अंकतालिका व फोटो को प्रार्थना पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

## बी. एड. कार्यक्रम हेतु

# शपथ पत्र का प्रारूप

समक्ष,

समन्वयक, बी. एड. प्रवेश परामर्श समिति-2024-25
उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
प्रयागराज

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि-

1. मैंने ........................................................................................................विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा वर्ष ............................ में ........................प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है।
2. मैंने ........................................................................................................विश्वविद्यालय से परास्नातक परीक्षा वर्ष ............................ में ........................प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है।
3. मैंने ............................................................ संस्था.................................................................. ....... विश्वविद्यालय से NCTE से मान्यता प्राप्त शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम....................................को आमने-सामने की पद्धति (Face to face mode) से वर्ष................... में पूर्ण किया है।
4. मैं ..........................................................................संस्था, जो राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा संस्था है तथा उ. प्र. में स्थित है, में विगत ....................... वर्षो से नियमित व पूर्ण कालिक अध्यापक/अध्यापिका के रूप में निरन्तर कार्यरत हूँ।
5. मैं बी. एड. पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अवधि के दौरान राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तथा उ. प्र. में स्थित इस संस्था में अध्यापक/अध्यापिका के रूप में लगाकर कार्यरत रहने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। किसी कारणवश संस्था परिवर्तित करने पर मैं विश्वविद्यालय को तत्काल सूचित कर दूँगा/दूँगी। परिवर्तित संस्था के स्वरूप का स्तर बी. एड. प्रवेश के लिये निर्धारित आवश्यक शिक्षण संस्थान के अनुरूप ही होगा।
6. मैं उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बी. एड. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्ह हूँ। यदि भविष्य में यह ज्ञात होता है कि मैं प्रवेश हेतु अर्ह नहीं था/थी तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा स्वयं का होगा एवं विश्वविद्यालय द्वारा मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा व मेरे द्वारा जमा शुल्क की समस्त धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा जमा की गई किसी भी धनराशि को विश्वविद्यालय से वापस पाने का मैं कोई दावा नहीं करूंगा/करूंगी।
7. बी. एड. सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु मेरे द्वारा दी गई समस्त सूचनाएँ मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य हैं।

दिनांक ..........................................

शपथकर्ता के पूर्ण हस्ताक्षर
स्पष्ट शब्दों में नाम
पूर्ण पता

**नोट-** *निम्न शपथपत्र प्रारूप को 10/-रू0 के नान-ज्यूडिशियल शपथपत्र पर नोटरी द्वारा प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करें तथा जो बिन्दु लागू न हो उसके रिक्त स्थान पर गुणा (X) का चिन्ह अंकित कर दें।*

# बी. एड. पाठ्यक्रम हेतु
# अध्यापन अनुभव प्रमाण पत्र का प्रारूप

**निर्देश-लागू होने पर अध्यापन अनुभव प्रमाण पत्र के निम्न प्रारूप को संस्था के लेटरहेड पर प्रस्तुत किया जाय।**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु0 ........................................................................ पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ........................................................................ इस संस्था में दिनांक.............................. से प्राथमिक स्तर पर प्रशिक्षित अध्यापक/अध्यापिका के रूप में निरन्तर कार्यरत है। यह संस्था राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा उत्तर प्रदेश में स्थित है। इनके उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बी. एड. कार्यक्रम को करने में संस्था को कोई आपत्ति नहीं है।

(प्रतिहस्ताक्षरी का हस्ताक्षर, नाम एवं मुहर)
(Name & Seal of Counter Signed Person)

संस्था के प्रधान के हस्ताक्षर एवं नाम
तथा संस्था की मुहर

**नोट-**

1. उपरोक्त प्रमाण पत्र के प्रतिहस्ताक्षर हेतु सक्षम अधिकारी/जिला बेसिक अधिकारी/खण्ड शिक्षा अधिकारी/क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी आदि है। प्रमाणपत्र सम्बन्धित सक्षम अधिकारी द्वारा ही प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए।
2. समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्थाओं में अध्यापन की स्थिति में जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकलांग कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्थाओं में अध्यापन की स्थिति में जिला विकलांग कल्याण अधिकारी तथा अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित संस्थाओं में अध्यापन की स्थिति में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षारित होना चाहिए।
3. सी.बी.एस.ई. या आई.सी.एस.ई. जैसे विद्यालयों में अध्यापन की स्थिति में उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य सक्षम अधिकारी के द्वारा प्रतिहस्ताक्षर करने की स्थिति में संस्था की मान्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति भी साथ में संलग्न करना अनिवार्य है।

# प्रतिरक्षा कर्मचारी एवं उनके पुत्र/पुत्री/पत्नी
# के लिए प्रमाण–पत्र का प्रारूप
## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/कु./श्रीमती ............................................................... एक प्रतिरक्षा कर्मचारी/अधिकारी है जिनका रैंक ....................... है तथा नम्बर .......................................है जो कि सक्रिय सेवारत हैं अथवा सक्रिय सेवारत थे अथवा ससम्मान सक्रिय सेवा से अवकाश प्राप्त किया। श्री/कु0/श्रीमती ............................ ............ इनके पुत्र/पुत्री/पत्नी है।

ऑफिसर कमाण्डेण्ट अथवा सेक्रेटरी सोल्जर्स

बोर्ड के हस्ताक्षर एवं मोहर

दिनांक ..................................  अधिकारी का पूरा नाम ..................................

**स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित पुत्र या पुत्री या पुत्र का पुत्र या पुत्र की अविवाहित पुत्री से सम्बन्धित प्रमाण पत्र)**

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/कु./* ............................................................... पुत्र/पुत्री श्री............................... ..........................................निवासी...............................................................................स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री/श्रीमती** ........................................................................निवासी.................................................. ............................का आश्रित*** ........................................................................ है।

डी.एम./ए.डी.एम.

हस्ताक्षर मोहर सहित

दिनांक ..................................  अधिकारी का पूरा नाम ..................................

नोट–साथ में जिलाधिकारी प्रदत्त प्रमाण–पत्र एवं पेंशन पुस्तिका की सत्यापित फोटो कापी भी अवश्य संलग्न करें।

* यहाँ आश्रित का नाम लिखा जाये।

** यहाँ स्वतंत्रता सेनानी का नाम लिखा जाये

*** यहाँ स्वतंत्रता सेनानी का आश्रित के साथ सम्बन्ध लिखा जाये।
डी0एम0 या ए0डी0एम0 का प्रमाण–पत्र आवश्यक है।

**प्रपत्र-1**

# उत्तर प्रदेश सरकार

कार्यालय का नाम.....................................

## आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण-पत्र

प्रमाण-पत्र संख्या........................... दिनाँक ..............

वित्तीय वर्ष ....................................के लिए मान्य

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.............................................................................................. ..............................पुत्र/पति/पुत्री ......................................................... ग्राम/ कस्बा .................................... पोस्ट ऑफिस ............................................................थाना...................................... तहसील ...................... जिला ............................................ राज्य .................................... पिन कोड .................................. के स्थायी निवासी है, जिनका फोटोग्राफ नीचे अभिप्रमाणित है, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्य है क्योंकि वित्तीय वर्ष ..................में इनके परिवार को कुल वार्षिक आय 8 लाख (आठ लाख रूपये मात्र) से कम है। इनके परिवार के स्वामित्व में निम्नलिखित में से कोई भी परिसम्पत्ति नही है-

1. 6 (छः) एकड़ कृषि योग्य भूमि अथवा इससे ऊपर।
2. एक हजार वर्ग फीट अथवा अधिक क्षेत्रफल का फ्लैट।
3. अधिसूचित नगरपालिका से इतर 200 वर्ग गज अथवा इससे अधिक का आवासीय भूखण्ड।
4. अधिसूचित नगरपालिका से इतर 200 वर्ग गज अथवा इससे अधिक का आवासीय भूखण्ड।

श्री/श्रीमती/कुमारी ..................................................जाति .............................................के सदस्य है, जो अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के रूप में अधिसूचित नहीं है।

**नवीनत फोटो प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर सहित**

हस्ताक्षर ( कार्यालय का मुहर सहित )

पूरा नाम...................................................................

पदनाम ....................................................................

( जिला अधिकारी/ अतिरिक्त जिला अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट/परगना मजिस्ट्रेट/तहसीलदार )

# प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति

| | | |
|---|---|---|
| प्रो0 पी0के0 स्टालिन | समन्वयक | 7275054261 |
| प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय | सह समन्वयक | 7525048011 |
| डॉ0 दिनेश सिंह | सह समन्वयक | 7525048013 |
| डॉ0 सुरेन्द्र कुमार | सदस्य | 7525048100 |
| नीता मिश्रा | सदस्य | 7525048049 |
| श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह | सदस्य सचिव (परीक्षा नियंत्रक) | 7525048009 |

# शिक्षा विद्याशाखा के प्राध्यापकों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| प्रो0 पी0 के0 स्टालिन | निदेशक | 7275054261 |
| प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय | आचार्य | 7525048011 |
| प्रो0 छत्रसाल सिंह | आचार्य | 7525048003 |
| डॉ0 गिरीश कुमार द्विवेदी | सह-आचार्य | 7525048012 |
| डॉ0 दिनेश सिंह | सह-आचार्य | 7525048013 |
| डॉ0 सुरेन्द्र कुमार | सहायक आचार्य | 7525048100 |
| डॉ0 उपेन्द्र नाथ तिवारी | सहायक आचार्य (संविदा) | 7525048016 |
| डॉ0 नीता मिश्रा | सहायक आचार्य (संविदा) (श्रवण दिव्यांगता) | 7525048049 |
| श्री परविन्द कुमार वर्मा | सहायक आचार्य (संविदा) (दृष्टि दिव्यांगता) | 9793862724 |
| श्री प्रवीण कुमार | सहायक आचार्य (संविदा) | 8924950722 |
| डॉ0 रविन्द्र नाथ सिंह | सहायक आचार्य (संविदा) | 7007824147 |
| डॉ0 संजय कुमार सिंह | सहायक आचार्य (संविदा) (श्रवण दिव्यांगता) | 9454945424 |
| श्रीमती सुषमा सिंह | सहायक आचार्य (संविदा) (बौद्धिक दिव्यांगता) | 6394267312 |
| डॉ0 बाल गोविन्द सिंह | सहायक आचार्य (संविदा) | 9451894644 |
| डॉ0 शैलेन्द्र कुमार | सहायक आचार्य (संविदा) | 9451670326 |
| डॉ0 पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा | सहायक आचार्य (संविदा) | 7398823844 |
| डॉ0 रीतू शर्मा | सहायक आचार्य (संविदा) (दृष्टि दिव्यांगता) | 9473891180 |
| श्रीमती कौमुदी शुक्ला | सहायक आचार्य (संविदा) (बौद्धिक दिव्यांगता) | 7985670016 |

# शिक्षा विद्याशाखा के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की सूची

| | |
|---|---|
| **CCSS** | Two Year Certificate Course in Single Subject (Education) |
| **B.A.** | Bachelor of Art (Education as a Subject) |
| **B.Ed. (ODL)** | Bachelor of Education |
| **B.Ed. SE (ODL)** | Bachelor of Education in Special Education |
| **PGDVGCC** | Post Graduate Diploma in Vocational Guidance & Career Counselling (अग्रिम आदेश तक स्थगित) |
| **PGDDE** | Post Graduate Diploma in Distance Education (अग्रिम आदेश तक स्थगित) |
| **PGDEA** | Post Graduate Diploma in Educational Administration (अग्रिम आदेश तक स्थगित) |
| **MA ED** | Master of Art in Education |
| **Ph.D.** (Regular Mode) | |

# उ० प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥




**Registrar**
**U.P. Rajarshi Tandon Open University**
**Sector-F, Shantipuram, Phaphamau, Prayagraj-211021**
**www.uprtou.ac.in**